पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र. 1847 / परीक्षा / प्रवेश / 2022 रायपुर, दिनांक 25/06/ 2022

/ / अधिसूचना / /

राज्य शासन (उच्च शिक्षा विभाग),नवा रायपुर के आदेश क्रमांक 2937 / 761 / आउशि / सम. / 2022 नवा रायपुर,अटल नगर,रायपुर दिनांक 07 / 06 / 2022 के तहत शैक्षणिक सत्र 2022–23 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में संचालित समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, एलएल.बी., एलएल.एम., डिप्लोमा / पी.जी.डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष मे प्रवेश के लिए Online Portal 27/06/2022 से Open (प्रारंभ) की जा रही है।

समस्त महाविद्यालयों को उनके महाविद्यालय में आवेदित छात्र–छात्राओं को सूची प्रदान की जायेगी, महाविद्यालय प्राप्त सूची के अनुसार पात्र छात्र / छात्राओं का गुणात्मक क्रम में मेरिट सूची तैयार कर छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका 2022–23 के नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य विवरण के लिए सूचना पृथक से जारी की जायेगी। प्रत्येक महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं सीटों की संख्या को पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वेबसाईट से सत्यापित कर लेवे। '' **विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगी, जिसके लिए समय–सारणी पृथक से जारी की जाएगी। ''**

आदेशानुसार,

(हस्ताक्षर) 25/6/22

कुलसचिव

पृ.क्र. 1848 / परीक्षा / प्रवेश / 2022 रायपुर, दिनांक 25/06/ 2022

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माननीय राज्यपाल, राजभवन,रायपुर,
2. माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी के विशेष सहायक,
3. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
5. प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी / अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर,
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
7. संचालक, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ मर्यादित, रॉची (झारखंड) को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
8. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, बलौदाबाजार अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
9. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,प0र0शु.0वि.वि0,रायपुर को सूचनार्थ।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)